अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 22 सितंबर 2020

PAGE NO. 06 : BOTTOM MIDDLE

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में इन्फर्टिलिटी विषय पर वेबिनार

बरेली। इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी के वेस्टर्न यूपी चैप्टर की ओर से एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रविवार को इन्फर्टिलिटी के कारण और निदान पर वेबिनार हुआ। वेबिनार में 20 से ज्यादा चिकित्सकों ने देश में बढ़ती ओवेरियल इन्फर्टिलिटी पर चिंता जताई। डॉक्टरों ने बढ़ती उम्र में विवाह, गलत जीवनशैली व अन्य कारणों को इन्फर्टिलिटी के लिए काफी हद तक जिम्मेदार ठहराया और इसके निदान और आईवीएफ तकनीक पर अपने -अपने शोध कार्यों को साझा किया। इससे पहले वेस्टर्न यूपी चैप्टर के सेक्रेटरी एवं एसआरएमएस आईएमएस के एमएस डॉ. जेके गोयल और डॉ. अंकिता गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति और डॉ. गोयल ने दो सत्रों में आयोजित वेबिनार के सफल संचालन के लिए आयोजकों को बधाई दी।